RNI NO. - CHHHIN/2011/38292

13 वर्ष निर्भीक पत्रकारिता के

अब 14 वें वर्ष की ओर

पाठकों/दर्शकों का असीम स्नेह



Bharatsamman.com | Bharat samman | Bharat Samman

हो जाओ सावधान

वर्ष-14 अंक-12 | अम्बिकापुर, शुक्रवार, 19 अप्रैल 2024 | कुल पृष्ठ-4 मूल्य-1.00 रू.

# लोकसभा चुनाव 2024:पहले चरण का मतदान आज

## 15000 जवान, सेना के 6 हेलीकॉप्टर, 130 ड्रोन का बेड़ा सुरक्षा के लिए तैयार

मुंबई। लोकसभा चुनाव के पहले चरण में 19 अप्रैल को महाराष्ट्र की पांच सीटों पर मतदान होगा। पहले चरण में नक्सल प्रभावित गढ़चिरौली समेत पूर्वी विदर्भ के पांच निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान होगा। जिसको लेकर सुरक्षा के कड़े इंतेजाम किए गए हैं। सभी मतदान केंद्रों पर सुरक्षाबलों की भारी तैनाती की गई है। संवेदनशील बूथों पर सेना के हेलीकॉप्टर से 295 मतदान कर्मियों को पहुंचाया गया है। महाराष्ट्र में पहले चरण में विदर्भ के पांच लोकसभा सीट-रामटेक, नागपुर, भंडारा-गोंडिया, गढ़चिरौली-चिमूर और चंद्रपुर में मतदान होगा। इन पांच निर्वाचन क्षेत्रों में 95,54,667 मतदाता 10,652 मतदान केंद्रों में अपना वोट डालेंगे।




### सज गया गढ़चिरौली का सियासी रण

2008 के परिसीमन के बाद अस्तित्व में आए मध्य भारत के नक्सल प्रभावित क्षेत्र और बाघों के गढ़ गढ़चिरौली–चिमूर लोकसभा सीट एसटी श्रेणी के लिए आरक्षित है। इस निर्वाचन क्षेत्र में यह चौथा लोकसभा चुनाव होने जा रहा है। नई गढ़चिरौली–चिमूर (एसटी) सीट पर 2009 में पहली बार लोकसभा चुनाव हुआ था। तब तीन बार के पूर्व विधायक और राज्य सरकार में मंत्री रहे कांग्रेस के मारोत्राव कावासे भारी अंतर से चुने गए थे। लेकिन 2014 में मोदी लहर ने सब कुछ बदल दिया। कावासे को बीजेपी के अशोक नेते ने हरा दिया। नेते ने 2019 में भी आसानी से यह उपलब्धि दोहराई और अब तीसरी बार जीत का लक्ष्य लेकर चुनावी अखाड़े में उतरे हैं। इस बार बीजेपी सांसद अशोक नेते का मुकाबला महाविकास अघाड़ी–इंडिया ब्लॉक के कांग्रेस उम्मीदवार नामदेव क्रिसन और प्रकाश अंबेडकर के नेतृत्व वाली वंचित बहुजन अघाड़ी (वीबीए) के हितेश मडावी के अलावा अखिल भारतीय भीम सेना (एबीबीएस) से है।

### 15 हजार सुरक्षाकर्मी तैनात

गढ़चिरौली पुलिस अधीक्षक (एसपी) नीलोत्पल ने कहा, हमने पिछले 6 महीनों में काफी व्यापक तैयारी की है। शुक्रवार को मतदान के लिए कुल 206 बूथ हैं। 15,000 सुरक्षाकर्मियों की तैनाती की जाएगी। भारतीय वायुसेना के 6 एमआई–17 हेलीकॉप्टर मुस्तैद है। इसके अलावा हमारे पास 130 ड्रोन का बेड़ा है जो आसमान से नजर रखेगा।

### निर्भीक होकर करें मतदान- एसपी

एसपी नीलोत्पल ने कहा, संवेदनशील और अति संवेदनशील इलाकों में ईवीएम और पोलिंग पार्टियों को पहले ही 'हेली ड्रॉप' कर दिया गया है। हमने ग्रामीणों से अपील की है कि वे बिना किसी डर के बाहर आएं और मतदान करेंज इस चुनाव को शांतिपूर्ण और सफल बनाने में हमारी मदद करें।

### इन दिग्गजों की किस्मत का होगा फैसला

पहले चरण में जिन उम्मीदवारों के राजनीतिक भाग्य का फैसला होगा, उसमें सबसे बड़ा नाम केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी का है। इसके अलावा, प्रतिभा धानोरकर (कांग्रेस) और सुधीर मुनगंटीवार (बीजेपी) पर भी सबकी नजर टिकी है। इस बार पूर्वी विदर्भ की पांच लोकसभा सीटों पर त्रिकोणीय मुकाबला होने की संभावना है। राज्य निर्वाचन विभाग द्वारा उपलब्ध कराए गए आंकड़ों के अनुसार, 97 प्रतियोगी मैदान में हैं, लेकिन इन पांच निर्वाचन क्षेत्रों में कांग्रेस, बीजेपी, शिवसेना और बसपा सहित मान्यता प्राप्त दलों के उम्मीदवारों के बीच मुकाबले की उम्मीद है।

# महाराष्ट्र के सीएम से गैंगस्टर बिश्नोई नाखुश, समुदाय को 'बदनाम' करने के लिए माफी की मांग

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान के बांद्रा स्थित घर को लॉरेंस बिश्नोई गिरोह द्वारा निशाना बनाए जाने के कुछ दिनों बाद, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे अब नाराज बिश्नोई समुदाय के निशाने पर हैं। समुदाय के सदस्यों ने (बिश्नोई) गैंगस्टरों को खत्म करने की उनकी कथित टिप्पणी पर नाराजगी व्यक्त की और अभिनेता व उनके परिवार को भविष्य में किसी भी हमले से बचाने का संकल्प लिया।

समुदाय की ओर से कल शुरू किए गए एक्स अभियान में कहा गया, बिश्नोई समुदाय को धमकी देने वालों व सीएम एकनाथ शिंदे को माफी मांगनी चाहिए। इस पोस्ट को 16 हजार से अधिक बार देखा गया, लाइक किया गया, फॉरवर्ड किया गया और टिप्पणियां की गईं।

गौरतलब है कि हिंदू संप्रदाय से संबंध रखने बिश्नोई प्रकृति-प्रेमी हैं। यह समुदाय भारत के उत्तरी और उत्तर-पश्चिमी क्षेत्रों में फैला है। ये लोग 1998 में काले हिरण के शिकार की घटना के बाद से सलमान खान का विरोध कर रहे हैं। मंगलवार को सीएम शिंदे अरब सागर के तट पर स्थित अभिनेता के घर गैलेक्सी अपॉर्टमेंट पहुंचे और सलमान खान व उनके परिजनों से बातचीत की। खान परिवार से मुलाकात के बाद, मीडिया से बात करते हुए सीएम ने कहा कि कुछ हलकों में अटकलों के विपरीत मुंबई में गैंगस्टरों का कोई अस्तित्व नहीं है। उन्होंने कहा कि महायुति सरकार के शासन में माफिया के लिए मुंबई में कोई जगह नहीं है। सीएम ने कहा कि सलमान खान के परिवार की रक्षा करना पुलिस और राज्य सरकार की जिम्मेदारी है। सीएम शिंदे ने कहा, मैंने सलमान खान और उनके परिवार को सुरक्षा का आश्वासन दिया है। हम इस (लॉरेंस) बिश्नोई गिरोह को कुचल देंगे। सलमान खान की सुरक्षा हमारा काम है। गौरतलब है कि 14 अप्रैल को, दो हमलावरों ने सलमान खान के घर पर पांच गोलियां चलाई। बाद में दोनों की पहचान विक्की गुप्ता (24) और सागर पाल (23) के रूप में हुई। उन्हें मुंबई व गुजरात पुलिस के एक संयुक्त अभियान में पाकिस्तान की सीमा से लगे गुजरात के कच्छ जिले के भुज शहर से गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ के दौरान दोनों ने बताया कि 25 साल से अधिक समय से बिश्नोई समुदाय की नाराजगी का सामना कर रहे अभिनेता के परिवार को आतंकित करने के लिए उन्हें एक दर्जन राउंड फायरिंग करने का निर्देश दिया गया था। इसके साथ ही, जेल में बंद गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के भाई अनमोल बिश्नोई ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में सलमान खान को इसे पहली और आखिरी चेतावनी बताई। इससे बॉलीवुड में हड़कंप मच गया। इस बीच, सलमान खान के मुंबई स्थित घर और पनवेल (रायगढ़) पर सुरक्षा बढ़ा दी गई है। बिश्नोई समुदाय के सोशल मीडिया अभियान पर सरकार, सत्तारूढ़ शिवसेना या खान परिवार की ओर से अब तक कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है।






**आमजन, गरीब-मज़लूमों पर होने वाले अत्याचार के विरुद्ध क्रांतिकारी पत्रकारिता का नाम है भारत सम्मान, जब शासन-सत्ता में बैठे ऐसे लोग जो पद-पावर के नशे में चूर होकर करते हैं अपने कर्तव्यपालन में चूक तो भारत सम्मान करता है उन्हें दुरुस्त...**

**2011 से भारत सम्मान आगे बढ़ रहा है और मिसाल क़ायम कर रहा है ईमानदार पत्रकारिता की..**

भारत सम्मान दैनिक समाचार पत्र के साथ-साथ वेबसाईट - www.bharatsamman.com, फेसबुक पेज - Bharat Samman व यू-ट्यूब - Bharat Samman News के माध्यम से जनहित के खबरों को प्राथमिकता देते हैं। हमारा दावा है यदि आप पर जुल्म हुआ है, आप न्याय के लिए कर रहे हैं संघर्ष तो केवल एक ही नाम आपको याद होना चाहिए...

## भारत सम्मान

### इसी क्रांतिकारी मुहिम से निम्न जगहों पर जुड़ने के लिए सम्पर्क करें

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर, राजस्थान, गुजरात, महाराष्ट्र, गोवा, उत्तर प्रदेश, उतराखण्ड, बिहार, बंगाल व देश के सभी राज्यों में ब्यूरो व संवाददाता बनने संपर्क कर सकते हैं।

**इन पदों में होंगे नियुक्त...**

1 - राज्य ब्यूरो प्रमुख
2 - राज्य अपराध ब्यूरो प्रमुख
3 - जिला ब्यूरो प्रमुख
4 - जिला अपराध ब्यूरो प्रमुख
5 - तहसील संवाददाता
6 - तहसील अपराध संवाददाता

अपना फोटो लगा बायोडाटा हमारी ई-मेल आईडी bharatsammannews@gmail.com या व्हाट्सएप No. 09303890212 पर भेजे।

**नोट**

1. केवल ईमानदार लोग ही संपर्क करें, पत्रकारिता के नाम पर वसूली करने अथवा ब्लैकमेल करने वालों से हमारा कोई वास्ता नहीं
2. यहां नौकरी नहीं दी जाती है, यदि हमारे संस्था के नाम का गलत इस्तेमाल करता है, तो हमारे द्वारा जारी नंबर पर शिकायत जरूर करें।

प्रसार/प्रबंध
सम्पादक
भारत सम्मान न्यूज नेटवर्क
094242 62547
09303890212

## संपादकीय

## पॉजिटिव विज्ञापन का असर

खबर चैनलों में आते विज्ञापन ध्यान खींचते हैं- एक निम्न मध्यवर्गीय घर। पत्नी के चेहरे पर नाराजी छाई है। दूधरहित काली चाय बनाकर देती है। उस चाय का घूंट लेकर जैसे ही पति मुंह बना कर कहता है कि ये क्या बना दिया है तो पत्नी कहती है तुमने व्हाट्सऐप सरकार बनाई उसकी महंगाई में यही मिल सकता है। फिर गुस्से से कहने लगती है, 'मेरे विकास का दो हिसाब'। फिर हाथ का चित्र आता है, जो कहता है - 'हाथ बदलेगा हालात'। यह विज्ञापन एनडीए के शासन में बढ़ती महंगाई पर कटाक्ष करता है, और कांग्रेस का 'हाथ' ही 'हालात बदलेगा', ऐसी आस्ति देता है। दूसरा विज्ञापन 'बेरोजगारी' पर चोट करता है। 'वॉयसओवर' कहता है कि इंजीनियरिंग के आखिरी बरस में बता दिया गया था कि बड़ी नौकरी मिलेगी..इंजीनियरिंग पास जब ये नौजवान अपने बाल काढ़कर और टाई लगाकर नौकरी के लिए घर से निकलता है तो किसी बड़ी नौकरी की जगह, घर के सामने खड़ा एक 'ई-रिक्शा' नजर आता है। वह गुस्से में अपनी टाई निकाल कर उस 'ई रिक्शा' को ड्राइवर बन चलाने के लिए बैठ जाता है, और गुस्से से भर कर कहता है 'मेरे विकास का दो हिसाब'। फिर आता है 'हाथ' का वही चिह्न जो कहता है कि 'हाथ बदलेगा हालात'। इनके बरक्स भाजपा के विज्ञापन कुछ अलग भाषा बोलते नजर आते हैं। एक विज्ञापन काफी लंबा है। इसमें मोदी की अनेक जनकल्याणकारी योजनाओं से लोगों को पहुंच रहे लाभों को आम लोगों द्वारा ही कई भाषाओं में गाकर बताया जाता है, और अंत में कहा जाता है 'ये तो अभी ट्रेलर है' और अंत में सब कहते हैं कि जब मोदी की गारंटी हमारा कल्याण है तो हमारी गारंटी मोदी को जिताना है। अंत में ऊपर 'विकसित भारत' लिखा आता है, और नीचे मोदी के चित्र के साथ लिखा आता है 'अबकी बार मोदी सरकार!' ऐसे ही एक विज्ञापन में तीन युवक मोदी द्वारा किए गए राम मन्दिर, काशी विनाथ कॉरिडोर समेत अन्य तीथरे के विकास के बारे में खुशी-खुशी बताते हुए भारतीय संस्कृति को आगे बढ़ाने की बात करते हैं, और कहते हैं 'ये तो अभी ट्रेलर है'..फिर कहते हैं कि ये मोदी की गारंटी है तो हमारी भी गारंटी है कि मोदी को जिताएं..। ऐसे ही एक विज्ञापन एक परिवार की तीन पीढ़ी की स्त्रियों के जरिए कहता है कि मोदी जी ने दवाएं सस्ती की, मुफ्त इलाज की व्यवस्था की। अब सब खुश हैं। एक बच्ची कहती है मोदी जी कहते हैं कि 'ये तो अभी ट्रेलर है'.. जब मोदी हमारे लिए इतना करते हैं तो हमारी गारंटी मोदी को जिताने की है..ऐसे ही, एक पिता-पुत्री मोदी द्वारा किए गए विकास कार्यों की चरचा करते हैं। फिर कहते हैं मोदी जी के कहते हैं 'ये तो अभी ट्रेलर है'..। फिर पुत्री कहती है कि हमारा सपना पूरा करने की गारंटी मोदी जी की तो मोदी जी का सपना पूरा करने की गारंटी हमारी..।' 'मोदी की गारंटी' के बदले 'जनता की मोदी को जिताने की गारंटी' की बात जनता की 'थैंक्स गिविंग' की तरह दिखती है। जैसे पब्लिक कहती हो कि उन्होंने हमारे लिए इतना किया तो हमारा भी कर्त्तव्य है कि उनके लिए भी कुछ करें..कहने की जरूरत नहीं कि ये विज्ञापन 'इंटरएक्टिव विज्ञापन' हैं, जो पॉजिटिव संदेश देकर जाते हैं और जो मोदी की नीतियों से बने लाभार्थियों को मोदी के पक्ष में 'एक्टिवेट' भी करते हैं। यहां एक भी चेहरा किसी से नाराज नहीं दिखता। सब मोदी की गारंटियों के दीवाने दिखते हैं। यह इनका 'फीलगुड फेक्टर' है जबकि कांग्रेसी विज्ञापनों में नाराजी अधिक मुखर है। वे मोदी शासन के विरोध में जनता की नाराजी को हवा देते दिखते हैं। मानो जनता सत्ता से उतनी ही नाराज हो जितनी कि कांग्रेस नाराज है। कांग्रेस का एक तीसरा विज्ञापन अवश्य जरा पॉजिटिव दिखता है। इसमें तीस लाख पक्की नौकरी देने का वादा किया जाता है। फिर एक युवक को नौकरी मिली बताई जाती है। अंत में बड़े अक्षरों में 'जून, 2024' लिखा आता है। साथ ही 'हाथ' के चित्र के साथ 'हाथ बदेलगा हालात' वाली कैचलाइन भी नजर आती है। साफ है कांग्रेसी विज्ञापनों में नाराजी ज्यादा दिखती है, जो विज्ञापन कला के हिसाब से भी उचित नहीं दिखती क्योंकि 'पॉजिटिव' विज्ञापन' ही असर करते हैं। नकारातमक विज्ञान कारगर नहीं होते। इस मानी में मोदी के विज्ञापन हर बार पॉजिटिव संदेश देते लगते हैं। इस तरह वे अधिक कारगर नजर आते हैं।

# रात भर जलता है जंगल, अधिकारी कहते हैं बुझा लिए

**दावानल की चपेट में गजमार का जंगल, सुबह से देर रात तक देखी गई पहाड़ के जंगल में आग, गर्मी बढ़ते ही दावानल की घटनाएं बढ़ने लगी**



**रायगढ़।** गर्मी बढ़ते ही जंगल में दावानल की घटनाएं देखने को मिलती है, लेकिन पिछले दिनों मौसम के बदलाव के कारण जंगल में आग लगने की घटनाएं कम हो रही थी, पर अब तापमान लगातार बढ़ते जा रहा है। ऐसे में दावानल की घटनाएं फिर से सूनने व देखने को मिल रही है। बुधवार की सुबह से गजमार पहाड़ के जंगल में आग की लपटे देखी गई, लेकिन वह शाम होते होते बढ़ गई और दूर से पहाड़ के जंगल में लगे आग को देखा जा रहा था। वहीं आग की सूचना मिलते ही भले ही वनकर्मी मौके पर पहुंच गए, लेकिन आग पर पूरी तरह काबू नहीं पाया जा सका था, पर अधिकारियों का वही रटा रटाया शब्द कह दिया जाता है कि आग पर काबू पा लिया गया है। गुरूवार की सुबह भी आग के कारण निकलने वाला धुंआ देखा जा रहा था। हांलाकि इसे बुझाने का प्रयास किया जा रहा था, पर शाम ढलने के बाद नवपाली की ओर पहाड़ में फिर आग देखा गया। इसके अलावा गुरूवार को जमांगा सर्किल में भी दावानल की घटना घटित होने की बात कही जा रही है। लगातार इस तरह दावानल की घटनाओं से विभाग के दावों की भी पोल खुलती नजर आ रही है।

### यह होता है नुकसान

विभागीय जानकारों की माने तो जंगल में आग लगने से कई तरह के नुकसान होते हैं। जिसमें प्रमुख रूप से यह होता है कि छोटे बड़े वन्यप्राणी आग की वजह से विचलित हो कर आसपास के आबादी क्षेत्रों तक पहुंच जाते हैं फिर वे षिकारियों का षिकार भी बन सकते हैं। इसके अलावा पक्षियों के अंडे व छोटे कीड़े इसकी चपेट में आ जाते हैं। साथ ही पेड़ व बांस भी झुलस जाते हैं और मिट्टियों की उर्वरा षक्ति भी प्रभावित होती है।

### धू धू कर जल रहे जंगल

अग्नि सुरक्षा के नाम पर विभाग द्वारा कई तरह के दावे किए जाते हैं, लेकिन अब उन दावों की पोल खुलने लगी है। जबकि जंगल में आग न लगे इसके लिए पहले फायर लाईन कटाई व हर बीट में फायर वाचर रखा जाता है, लेकिन प्रारंभ में इस तरह का कुछ खास देखने को नहीं मिला। जिसका नतीजा है कि अब जंगल धू धू कर जल रहा है।

### अधिकारी नहीं जाते जंगल- माझापारा समिति अध्यक्ष

माझापारा वन प्रबंधन समिति के अध्यक्ष यादराम का कहना है कि जंगल में बुधवार से गजमार पहाड़ में आग लगा है, लेकिन इसकी सुध लेने के लिए न तो रेंजर जंगल जाते हैं और न ही विभाग के कोई अन्य अधिकारी। ऐसे में जंगल जलते रहता है। रात में भी जंगल का आग दूर से देखा जा रहा था। वहीं उनका यह भी कहना है कि पूर्व में समिति के पदाधिकारियों व सदस्यों की पूछपरख होती थी। कार्यषाला में सभी को बुलाया जाता था, लेकिन अब ऐसा नहीं है। बल्कि विभाग ने वन प्रबंधन समिति से दूर बना ली है।

# धरमजयगढ़ वन मंडल में हाथियों का आंतक जारी

**05 किसानों की धान की फसल, 105 पौधे व 54 फेसिंग पोल को क्षति, अलग-अलग दल में 105 हाथियों का दल कर रहा विचरण**

**रायगढ़।** रायगढ़ जिले के जंगलों में विचरण करने वाले गजराजों का आतंक लगातार जारी है। धरमजयगढ़ वन मंडल में ही इन दिनों 105 हाथी अलग अलग रेंज में विचरण कर रहे। जहां बीती रात हाथियों के द्वारा 5 किसानों के धान की फसलों के साथ- साथ 180 पौधे के अलावा 54 नग फेंसिंग पोल को नुकसान पहुंचाया गया है।


फाईल फोटो

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार इन दिनों केवल धरमजयगढ़ वन मंडल में ही अलग-अलग रेंज में 105 हाथी विचरण कर रहे हैं। जिसमें 22 नर, 51 मादा व 32 बच्चे शामिल हैं। हाथियों के इस दल में धरमजयगढ़ के सेमीपाली बीट में सर्वाधिक 32 हाथी, बाकारूमा के जमाबीरा बीट में 22 हाथी, छाल के पुरूंगा बीट में 22 हाथी, कापू के कुमरता बीट में 11 हाथी, छाल के हाटी बीट में 9 हाथियों के अलावा धरमजयगढ़ वन मंडल के अलग-अलग बीट में हाथियों का दल विचरण कर रहा है।

वन विभाग के अधिकारियों के द्वारा लगातार हाथियों के मूवमेंट पर ड्रोन कैमरे के जरिये निगरानी रखते हुए हाथी प्रभावित क्षेत्र के ग्रामीणों को हाथी से सावधानी बरतने लगातार अपील की जाती रही है। ताकि उनके क्षेत्र में हाथी के हमले से किसी प्रकार की जनहानि की घटना घटित न हो। बीती रात हाथियों के एक दल ने बाकारूमा के जमाबीरा बीट के सोखामुडा गांव में 03 किसानों की धान की फसल, छाल के कीटा व तेंदुमुडा गांव में दो किसानों की धान की फसल, छाल के पुरूंगा बीट में 1 किसान की धान की फसल के अलावा पुरूंगा में ही जोरदार आंतक मचाते हुए 180 नग पौधों को बुरी तरह तहस-नहस करते हुए पौधों को सुरक्षित रखने उसके आसपास लगाये गए 54 फेसिंग पोल को नुकसान पहुंचाया है।

इस घटना की जानकारी मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंचकर हाथियों के द्वारा किये गए नुकसानी का आंकलन करते हुए आगे की कार्रवाई में जुट गई है। वन विभाग के द्वारा क्षेत्र में लगातार हाथियों की मौजूदगी को देखते हुए गांव के ग्रामीणों को जंगल की तरफ नही जाने की सलाह भी दी जा रही है। साथ ही साथ आसपास के गांवों में मुनादी कराते हुए हाथी से सावधानी बरतने की बात कही जा रही है।

## चाकू लहराते युवक पकड़ाया

**रायपुर।** सरस्वती नगर पुलिस ने कुकुरबेड़ा में चाकू लेकर आतंक फैलाते हुए एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से चाकू जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार पुलिस को सूचना मिली कि कुकुरबेड़ा के पास एक युवक चाकू लेकर आम लोगों को डरा धमका रहा है। सूचना पर मौके में पहुंची पुलिस ने आरोपी नरेन्द्र मिश्रा 21 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से चाकू जब्त कर आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

## शराब बेचते महिला सहित तीन गिरफ्तार

**रायपुर।** अलग-अलग थाना क्षेत्रों में पुलिस ने अवैध शराब बेचते हुए महिला सहित तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से 60 पाव देशी एवं अंग्रेजी शराब व बिक्री रकम 1030 रुपए जब्त किया है। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है। मिली जानकारी के अनुसार उरला पुलिस ने मां उदर गड़ी कंपनी सरोरा के सामने अवैध शराब बेचते आरोपी सुरेन्द्र साहू 19 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 24 पाव अंग्रेजी शराब व बिक्री रकम 520 रुपए जब्त किया है। वहीं खमतराई पुलिस ने ट्रांसपोर्ट नगर रावाभाठा में अवैध शराब बेचते आरोपिया नीलम साहू 49 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 18 पाव देशी शराब व बिक्री रकम 150 रुपए जब्त किया है। वहीं धरसींवा पुलिस ने आरोपी धर्मेन्द्र मनहर 33 वर्ष के पास से 18 पाव देशी शराब व बिक्री रकम 360 रुपए जब्त किया है।

## 91 वर्ष की वृद्ध महिला ने किया मतदान

**अनुपस्थित श्रेणी के मतदाताओं के लिए मोबाईल यूनिट के माध्यम से मतदान करने की सुविधा बनी मददगार**

**मोहला।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 80 वर्ष से अधिक उम्र के मतदाताओं के लिए घर बैठे मतदान करने की दी गई सुविधा से मतदान करना कारगर साबित हो रहा है। वनांचल एवं नक्सल प्रभावित क्षेत्र औंधी के ग्राम पंचायत सरखेड़ा के 91 वर्षीय वृद्ध महिला हिरई बाई ने मोबाइल यूनिट के माध्यम से मतदान किया। मतदान करने के उपरांत उत्साहित वृद्ध महिला ने कहा कि मतदान करना वास्तव में एक सुखद अनुभव होता है। उन्होंने कहा कि मोबाइल यूनिट के माध्यम से मतदान करने की दी गई सुविधा से उन्होंने बिना किसी परेशानी के मतदान किया है। उन्होंने कहा कि मतदान केंद्र में जाकर लंबी कतार में खड़ा होकर मतदान करना उनके जैसे उम्र के लिए बड़े परेशानी होती है। उन्होंने अपनी बहू की मदद से मतदान कर लोकतंत्र के महापर्व में अपनी सहभागिता दी है।

# भाजपा की गारंटी चाइनीज माल की तरह झूठी : भूपेश बघेल

**राजनांदगांव।** कांग्रेस के राजनांदगांव लोकसभा प्रत्याशी भूपेश बघेल ने गुरुवार को अपने जनसंपर्क के दौरान मोदी की गारंटी पर प्रहार करते हुए भाजपा को खूब घेरा। भूपेश ने छुईखदान में अपने जनसम्पर्क कार्यक्रम में जनता को संबोधित करते हुए कहा कि मोदी की गारंटी का दावा करने वाली भाजपा की हर एक बात झूठी निकली। वर्तमान उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने किसानों के 2लाख रुपए तक के कर्ज माफ होने की बात आपसे आकर कही थी जिसका कोई अता पता नहीं है जबकि हमने शपथ ग्रहण के 2 घंटों में ही किसानों की कर्जमाफ़ी की घोषणा कर दी थी, भाजपा ने किसानों को धान के एकमुश्त 3100 रुपए पंचायत में देने की बात कही थी लेकिन ये बात भी झूठी निकली, मजदूरों



को हर साल 10,000 रूपये देने का वादा तो पूरा नहीं किया उल्टे कांग्रेस सरकार में मिलने वाले 7000 रुपए भी देने बंद कर दिए, महिलाओं से 500 रुपए में सिलेंडर देने का वादा भी कोरा झूठ निकला, भाजपा केवल और केवल झूठ बोल कर, जनता को मूर्ख बना कर सत्ता पाना चाहती है।

ग्रामवासियों को कांग्रेस की न्याय गारंटी की जानकारी देते हुए भूपेश ने बताया कि कांग्रेस की सरकार महिला, युवा, किसान सभी के लिए न्याय सुनिश्चित करने को प्रतिबद्ध है। एक ओर जहां कांग्रेस पार्टी महिलाओं को एक लाख रुपए सालाना देने की बात कह रही है तो वहीं दूसरी ओर युवाओं को 30 लाख सरकारी नौकरी के साथ साथ अपरेंटीस का अधिकार भी दे रही है जिसमें युवाओं को सरकार वर्तमान जरूरतों के हिसाब से विभिन्न ट्रेंड में ट्रेन करेगी और इस दौरान उन्हें सालाना 1 लाख रुपए का भत्ता भी देगी, इसके अलावा किसानों को फसलों के डेढ़ गुना दाम देने के लिए स्वामीनाथन कमेटी की रिपोर्ट लागू करने का वादा भी कांग्रेस पार्टी करती है।

जनसंपर्क के दौरान भूपेश बघेल ने बीरुटोला, देवरच्चा, कुम्हरवाड़ा, कबरकट्टा, चोभर, रामपुर, आमगांव, खादी, भाजी डोंगरी, देवपुरा, मोहगांव, पहाड़ी मानपुर, पैलीमेटा, ठाकुरटोला, जीराटोला, सण्डी, पण्डरिया, रोड अतरिया, साखा गांव का दौरा किया।

इस दौरान भूपेश बघेल के साथ खैरागढ़ ज़िला अध्यक्ष गजेंद्र ठाकरे, विधायक यशोदा नीलांबर वर्मा, पूर्व विधायक गिरवर जंघेल ,पदमा सिंह, गुलशन तिवारी, बृजेश यादव, रामकुमार पटेल, वरिष्ठ कांग्रेसी संजू सिंह,ममता राजेश पाल, दशमथ जंघेल, हेमंत वैष्णव, प्रमोद सिंह ठाकुर, अशोक जंघेल सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# बस्तर में निष्पक्ष मतदान के लिए चुनाव आयोग ने किया पुख्ता इंतजाम

## सुरक्षा के लिए 60 हजार जवान रहेंगे तैनात




**रायपुर।** लोकसभा चुनाव के प्रथम चरण में बस्तर सीट पर 19 अप्रैल को होने वाले मतदान की चुनाव आयोग ने पूरी तैयारी कर ली है. मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबा साहब कंगाले ने बस्तर में होने वाले चुनाव के लिए पुख्ता सुरक्षा व्यवस्था का हवाला देते हुए क्षेत्र के मतदाताओं से निष्पक्ष रूप से मतदान करने की अपील की है।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबा साहब कंगाले ने बस्तर में होने वाले प्रथम चरण के चुनाव की जानकारी देते हुए बताया कि 196 संवेदनशील मतदान केंद्र है, जिसकी सुरक्षा को लेकर चुनाव आयोग पूरी तरह सजग है. वहीं पूरे बस्तर में 300 कंपनियां तैनात की गई हैं. पिछले एक हफ्ते से 60 हजार जवान तैनात हैं। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि बस्तर सीट से 11 प्रत्याशी चुनाव लड़ रहे हैं, जिनके लिए 1961 मतदान केंद्र में मतदाता मतदान करेंगे. बस्तर लोकसभा में कुल 14 लाख 72 हज़ार 207 मतदाता हैं. लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले 6 विधानसभाओं में सुबह 7 से 3 बजे तक, वहीं बस्तर और जगदलपुर में सुबह 7 से शाम 5 बजे तक मतदान होगा. वहीं 800 मतदान केंद्रों में वेब कास्टिंग की जाएगी।

## उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने बस्तर के मतदाताओं को सुरक्षा इंतजाम को लेकर किया आश्वस्त

### कहा- निर्भीक होकर लोकतंत्र के इस महापर्व में दें आहुति



**रायपुर।** लोकसभा चुनाव के प्रथम चरण के लिए शुक्रवार को होने वाले मतदान से एक दिन पहले उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने सभी मतदाताओं से मतदान करने का अपील की है. बस्तर के मतदाताओं को उन्होंने सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम के प्रति आश्वस्त करते हुए कहा कि निर्भीक होकर अपने घरों से निकलकर लोकतंत्र के इस महापर्व में अपनी आहुति दें. ये आपका अधिकार है। उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि सरकार की तरफ से मतदान के लिए पूरी तैयारी की गई है. निर्वाचन आयोग अपनी पूरी तैयारी कर ली है. लोगों से अपील करता हूं कि वे अपने अधिकार का आवश्यक उपयोग करें. इसके साथ ही उन्होंने कहा कि बस्तर की शांति और खुशहाली के लिए, बस्तर के विकास के लिए आगे बढ़े. नरेंद्र मोदी जी का हाथ मजबूत करें, और बीजेपी को जीतना है।

## चुनाव से पहले बीजेपी के लिए बड़ी खुशखबरी, 2 लाख 80 हजार अनियमित कर्मचारियों ने दिया समर्थन



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ समेत देशभर में शुक्रवार 19 अप्रैल को लोकसभा चुनाव के पहले चरण के लिए मतदान होना है. इस बीच भारतीय जनता पार्टी के लिए बड़ी खुशखबरी सामने आई है. दरअसल, छत्तीसगढ़ संयुक्त अनियमित कर्मचारी महासंघ एवं समस्त कर्मचारी संगठन ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव को लोकसभा चुनाव के लिए बीजेपी को वोट देने का समर्थन पत्र लिखा है।

संघ के प्रदेश अध्यक्ष रवि गढ़पाले ने इस समर्थन पत्र में लिखा- छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव 2023 में भाजपा की घोषणा पत्र में मोदी के गारंटी के मुताबिक 100 दिन के भीतर अनियमित कर्मचारियों के लिए कमेटी गठित की जाएगी. सरकार बनने के बाद इस वादे को पूरा कर दिया गया है। जिससे प्रदेश के लाखों कर्मचारियों को विष्णु के सुशासन पर भरोसा है।

### बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष ने कर्मचारियों का जताया आभार

**भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंहदेव ने 2 लाख 80 हजार कर्मचारियों द्वारा भाजपा को समर्थन देने हेतु आभार जताया है. भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरणदेव ने कहा भाजपा जो कहती है, वह करती है. उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ संयुक्त अनियमित कर्मचारी महासंघ द्वारा प्रदेश के 2,80,000 अनियमित कर्मचारियों एवं उनके परिवार जनों ने भाजपा को अपना वोट देने के संबंध में समर्थन पत्र दिया है. उन्होंने आगे कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की गारंटी एवं विष्णु सरकार के सुशासन पर अपना विश्वास जताने वाले अनियमित कर्मचारियों का आभार जताता हूं. निश्चित ही भाजपा ही देशवासियों की चिंता कर हर वर्ग को न्याय देने का काम करती है और करती रहेगी.**

## भाजपा कार्यकर्ता की हत्या के पीछे नक्सलियों की मंशा पर उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने उठाया सवाल

### कहा- आखिर भाजपा कार्यकर्ता ही क्यों निशाने पर हैं?

**रायपुर।** बस्तर में नक्सलियों के भाजपा कार्यकर्ता की हत्या पर उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने सवाल उठाया है. उन्होंने कहा कि मैं भी जानना चाहता हूं कि भाजपा कार्यकर्ता ही निशाने में क्यों हैं? यह नक्सलियों की कायरता है. हर व्यक्ति को सुरक्षा नहीं दी जा सकती हैं. हमारे जवान बस्तर में पूरी मजबूती से सामना कर रहे हैं।

लोकसभा चुनाव के प्रथम चरण में बस्तर होने वाले चुनाव की तैयारियों पर उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि नक्सली घबराए हुए हैं, बदहवास हैं. उन्होंने फिर से हत्या की है. नारायणपुर में घर में घुसकर मारा है. सिविलियन को मार रहे हैं. दहशत फैलाना चाहते हैं, इसलिए ऐसा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मतदान में जितने सुरक्षा दल जा रहे हैं, वह सुरक्षित लौटकर आए, यह ईश्वर से प्रार्थना है. सबसे अपील है कि पुलिस के सभी निर्देशों को माने. अति उत्साह में कोई कुछ ना करें. जो सैनिक और सुरक्षाकर्मी हैं, वह भी अति उत्साह में ना आएं. नक्सलियों से संवाद के लिए समिति के गठित करने के विषय पर गृह मंत्री ने कहा कि समिति गठित करने की क्या आवश्यकता है. मैं स्वयं तैयार हूं. समिति को गठित करूं और वह बात करें ऐसी कोई औपचारिकता नहीं है. हम सीधे बात के लिए तैयार हैं. शांति बहाल होनी चाहिए. बस, यही एक भाव हमारी सरकार का है।कांग्रेस नेत्री सुप्रिया श्रीनेत के नक्सलियों को शहीद कहने पर गृह मंत्री विजय शर्मा ने कहा कि पहले राज बब्बर ने भी कहा था. नक्सली जब मारे गए हैं, तो उन्हें लग रहे कि सब कुछ फर्जी हो रहे हैं. जिस समय विभाग ने कहा था 50 नक्सली मारे गए, उसी समय नक्सलियों ने भी प्रेस नोट जारी कर कहा था कि हमारे 50 आदमी शहीद हुए. नक्सली खुद इस बात को कह रहे हैं, और फिर भी कहा जाए कि फर्जी इनकाउंटर है, तो मैं समझ नहीं पा रहा हूं। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा नक्सल घटनाओं पर सवाल उठाए जाने पर गृह मंत्री ने कहा कि भूपेश बघेल को कैसे पता चल रहा है कि यह फर्जी एनकाउंटर है. वहीं भूपेश के पूर्व की घटनाओं पर बयान देने की बात पर कहा कि यह उनका अभी का बयान है. उटपटांग बातें ना करें. ढाई सौ सड़कें, 90 पुल-पुलिया क्यों नहीं बनाएं।



## धन बल की कमी की वजह से कांग्रेस प्रचार-प्रसार में पिछड़ते जा रही- चरणदास महंत

### हंसदेव कटने से हाथियों का रूट प्रभावित हो रहा जिससे हाथी शहर तक पहुंचा रहे



**रायगढ़।** रामनवमी के अवसर पर रायगढ़ पहुंचे छत्तीसगढ़ में नेता प्रतिपक्ष तथा पूर्व मंत्री व वरिष्ठ कांग्रेसी नेता चरणदास महंत ने महापल्ली मार्ग में स्थित मनकामेश्वर मंदिर में आयोजित पूजा अर्चना में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने मीडिया से चर्चा करते हुए आगामी लोकसभा चुनाव के संबंध में अपनी बातें रखी।

रामनवमी के अवसर पर रायगढ़ पहुंचे छत्तीसगढ़ में नेता प्रतिपक्ष तथा पूर्व मंत्री व वरिष्ठ कांग्रेसी नेता चरणदास महंत ने मीडिया से चर्चा करते हुए कहा है कि छत्तीसगढ़ में धन बल की कमी की वजह से कांग्रेस प्रचार-प्रसार में पिछड़ते जा रहा है। भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने हमारे सभी बैंक खाताओं को सीज कर दिया गया है। कांग्रेस के प्रत्याशियों को केन्द्र से किसी प्रकार की मदद नही मिल रही है। यहां की सरकार बदल जाने के बाद यहां के व्यापारीगण उनके मुंह फेर चुके हैं। और आज का चुनाव धन का चुनाव है, और इस कारण से हमारे प्रचार-प्रसार में कमी दिख रही है।

चरणदास महंत ने कहा कि जहां तक मुद्दे की बात है तो हमारे पास अधिक मुद्दे हैं, उनके न्याय पत्र में किसान, युवा, महिलाओं का ध्यान रखा गया है जिससे जनता उनके पक्ष में जुड़ेगी। बातचीत के दौरान चरणदास महंत ने इस बात को माना कि कांग्रेस में मची भगदड में भी अपनी बात रखी और कहा कि बड़े पैमाने पर दबाव डालने से यह स्थिति बन रही है। कांग्रेस छोड कर जाने वाले लोग कितने दिन रहेंगे और क्या करेंगे ये उनसे ज्यादा कोई नही जान सकता।

एक सवाल के जवाब में वरिष्ठ कांग्रेस नेता चरणदास महंत ने इस बात को माना अविभाजित मध्यप्रदेश के समय कांग्रेस संगठित हुआ करती थी, छत्तीसगढ़ मध्यप्रदेश एक था और छत्तीसगढ़ आने के बाद गुटीय राजनीति में फंस गए। उन्होंने विद्याचरण शुक्ल से लेकर श्यामा चरण शुक्ल के साथ-साथ मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह व अजीत जोगी का नाम लिया और इसके बाद थोडा बिखराव आया और हमे लगता है कि इसी गुटीय राजनीति के कारण कांग्रेस में कमजोरी आई है। महंत ने टीएस बाबा की बात का भी समर्थन किया। चर्चा के दौरान नक्सली व पुलिस मुठभेंड में मारे गए 29 से अधिक नक्सलियों पर भी जवानों को बधाई देते हुए कहा कि एक योजनाबद्ध तरीके से पुलिस का आपरेशन सफल हुआ था और पहले इस मुंठभेंड पर सवाल उठ रहे थे। लेकिन अब लगता है कि एक रणनीति के तहत पुलिस को यह सफलता मिली है।

बातचीत के दौरान चरणदास महंत ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मंत्रीमंडल में शपथ लेने के पूर्व हसदेव अरण्य के जंगलों का काटा जाना, हसदेव अरण्य के जंगल को काटने से हंसदेव-बांगोर का जो परियोजना है वह खत्म हो जाएगा। यहां लगातार बड़े-बड़े कोयले की खदानें खुल रही है, और गड्ढे बनेंगे। हाथियों का जो स्वाभाविक रूट है, नेपाल से लेकर रायपुर तक वे जाते है और वहां से वे प्रजनन के पश्चात बच्चों को लेकर वापस आते हैं। हाथियों का यह रूट प्रभावित होनें की वजह से वे अब शहरों की ओर आना शुरू कर चुके हैं। पर्यावरण पूरी तरह से नष्ट हो रहा है।

## 'प्यारा लगे मुझे मेरा नाती, इसकी हर शरारत मुझे भाती'

### सीएम विष्णुदेव साय ने सोशल मीडिया में अपने नाती के साथ पोस्ट किया वीडियो...



**रायपुर।** बतौर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अपनी जिम्मेदारियां हैं, लेकिन सरकारी दायित्वों के इतर भी उनकी अपनी जिम्मेदारियां हैं. इन जिम्मेदारियों में एक नाना के तौर पर भी शामिल जिम्मेदारों को वे बखूबी निभा रहे हैं. अपने नाती वेदांश के साथ बिताए ऐसे ही क्षणों को उन्होंने सोशल मीडिया में साझा किया है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर अपने नाती वेदांश के साथ बिताए क्षणों का वीडियो शेयर करते हुए एक छोटी सी लेकिन दिल की छू लेने वाली कविता साझा की है. मुख्यमंत्री का यह वीडियो पोस्ट लोगों का ध्यान खींच रहा है।

RNI No. CHHHIN/2011/38292
भारत सम्मान NEWS
अम्बिकापुर, शुक्रवार, 19 अप्रैल 2024


# सीएम विष्णुदेव साय का कांग्रेस पर करारा प्रहार



## कहा- नक्सलियों के खात्मे के लिए पहले कांग्रेस का खात्मा जरूरी

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने दो टूक लहजे में कहा है कि नक्सलियों को शहीद बताने वाले, 29 नक्सलियों के मुठभेड़ में मारे जाने को फर्जी एनकाउंटर बताने वाले और मुठभेड़ की जांच की मांग करने वाले कांग्रेसी अब यह साफ-साफ जान लें कि बस्तर की जनता विकास की समर्थक है. सीएम साय ने कहा कि अब यह स्पष्ट हो गया कि नक्सलियों के खात्मे के लिए कांग्रेस का खात्मा जरूरी है और इसकी शुरुआत बस्तर की जनता कल 19 अप्रैल को करने जा रही है।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने स्पष्ट किया कि कांकेर मुठभेड़ को लेकर जिस तरह के बयान कांग्रेस नेताओं ने दिए हैं, उससे यह स्पष्ट हो गया है कि नक्सलियों को पाल-पोसकर संरक्षण देने का काम कांग्रेस हमेशा करती रही है जो अब बस्तर की जनता कतई बर्दाश्त नहीं करेगी. नक्सलियों ने छत्तीसगढ़ महतारी के निर्दोष बेटों के खून से बस्तर की धरती को लाल किया है.

सीएम साय ने कहा कि लोकसभा के इस चुनाव में कांग्रेस के सफाए के साथ प्रदेश की भाजपा सरकार नक्सलियों के खिलाफ निर्णायक लड़ाई लड़ने जा रही है. प्रदेश सरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के नेतृत्व और मार्गदर्शन में बहुत जल्द छत्तीसगढ़ के नक्सलवाद से मुक्त कराएगी. सीएम विष्णुदेव साय ने कहा कि नक्सलियों के सबसे सुरक्षित किले में घुसकर एक साथ 29 नक्सलियों को मार गिराना ऐतिहासिक सफलता है. नक्सलियों पर की गई यह सबसे बड़ी सर्जिकल स्ट्राइक है।

# सुप्रिया श्रीनेत ने नक्सलियों को शहीद बताए जाने वाले बयान पर दी

## कहा- 'भाजपा की फेक न्यूज फैक्ट्री मेरे बयान को गलत तरीके से चला रही'



**बिलासपुर।** न्यायधानी से लोकसभा के कांग्रेस प्रत्याशी देवेंद्र यादव के नामांकन रैली में शामिल होने पहुंची एआईसीसी की राष्ट्रीय प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने प्रेस कांफ्रेंस की. इस दौरान उन्होंने नक्सलियों को शहीद बताए जाने वाले बयान पर सफाई देते हुए बीजेपी पर जमकर निशाना साधा। कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने कहा- 'भारतीय जनता पार्टी की फेक न्यूज़ फैक्ट्री मेरे बयान को गलत तरीके से चला रही है. साल 2013 में झीरम घाटी में हमने कांग्रेस के पूरे नेतृत्व को इन्हीं नक्सलियों के हाथ खोया था. क्या ऐसे नक्सलियों के साथ हमारी जरा सी भी सहानुभूति हो सकती है? कांग्रेस ने अपने दो-दो प्रधानमंत्री को हिंसा की बलिवेदी में चढ़ते हुए देखा है. प्रदेश की भारतीय जनता पार्टी कुत्सित है, वे काट-छांट कर मेरे बयान को चला रहे हैं.'

### जानिए क्या है पूरा मामला

बता दें कि मंगलवार को कांकेर में पुलिस और बीएसएफ के जवानों ने मुठभेड़ में 29 नक्सलियों को ढेर किया. इस मुठभेड़ पर कांग्रेस राष्ट्रीय प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने विवादित बयान दिया. सुप्रिया श्रीनेत से नक्सली मुठभेड़ और भूपेश बघेल के बयान के संदर्भ में सवाल किया गया. जिसपर उन्होंने कहा कि इस पर राजनीति नहीं होनी चाहिए मुझे लगता है कि इसकी गहन जांच होनी चाहिए और उन सब लोग जो शहीद हुए, हमारे कुछ सुरक्षा कर्मी भी घायल हुए हैं, उन सबको हमारी संवेदना है. इसमें कोई राजनीति का सवाल ही नहीं है।

### सुप्रिया श्रीनेत के बयान के बाद गरमाई सियासत

सुप्रिया श्रीनेत के इस बयान के बाद से सियासत गरमा गई है. सुप्रिया के बयान पर उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि कांग्रेस पार्टी का ये निकृष्ट बयान लोकतंत्र पर प्रहार है, सुरक्षा बलों के मनोबल और पराक्रम पर प्रहार है, छत्तीसगढ़ और बस्तर की जनता पर प्रहार है. नक्सलियों को शहीद मानने वाली कांग्रेस ने 5 साल बस्तर में इसी मानसिकता से कार्य किया है. इसके अलावा बीजेपी नेता गौरव भाटिया ने एक्स पर वीडियो शेयर कल लिखा- छत्तीसगढ़ में हमारे सुरक्षाबलों ने 29 नक्सली, जिनमें 2 तो 25-25 लाख के इनामी थे को मार गिराया. कांग्रेस की प्रवक्ता इन नक्सलियों को शहीद बता रही हैं. इसी को मानसिक और नैतिक दिवालियापन कहते हैं।



# पहले चरण के मतदान से पहले कांग्रेस को बड़ा झटका

## पूर्व विधायक शिशुपाल शोरी ने दिया इस्तीफा, भाजपा में हुए शामिल

**कांकेर।** लोकसभा चुनाव के पहले चरण के लिए मतदान से पहले कांग्रेस को बड़ा झटका लगा है. कांकेर के पूर्व विधायक एवं भूपेश सरकार में संसदीय सचिव रहे शिशुपाल शोरी ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया है. बताया गया कि शिशुपाल शोरी ने आज भाजपा प्रदेश कार्यालय कुशाभाऊ ठाकरे भवन में भाजपा के प्रदेश नेतृत्व के समक्ष भाजपा की सदस्यता ली। पूर्व विधायक शिशुपाल शोरी 2013 के आईएएस को नौकरी छोड़ कर कांग्रेस में शामिल हुए थे. साल 2018 के विधानसभा चुनाव में शिशुपाल शोरी को कांकेर विधानभा से टिकट मिला और सत्ता विरोधी लहर के बीच शिशुपाल शोरी कांकेर विधानसभा से विधायक निर्वाचित हुए और उन्हें सरकार में संसदीय सचिव भी बनाया गया। लेकिन पिछले साल हुए विधानभा चुनाव के दौरान शिशुपाल शोरी का टिकट काटा गया, जिससे शोरी कांग्रेस पार्टी से नाराज चल रहे थे. 2023 के विधानभा चुनाव के दौरान शिशुपाल शोरी का टिकट काट कर पूर्व विधायक शंकर ध्रुवा को कांकेर विधानसभा से कांग्रेस प्रत्याशी बनाया गया, लेकिन महज 16 वोटों से कांकेर विधानसभा में कांग्रेस पार्टी को हार का सामना करना पड़ा था।

### कोयला घोटाले में दर्ज है एफआईआर

पूर्व विधायक शिशुपाल शोरी पर प्रदेश के चर्चित कोयले घोटाले पर हुए एफआईआर में 1.10 करोड़ के एक्सटोर्सन को लेकर नाम दर्ज किया था, और ईडी के रडार में थे।

### सरकारी आवास नहीं किया है खाली

प्रदेश में भाजपा सरकार बनने के 6 महीने बाद भी पूर्व विधायक शिशुपाल शोरी ने सरकारी आवास खाली नहीं किया है. पूर्व विधायक शोरी टिकट काटे जाने के बाद से ही भाजपा में शामिल होने का मन बना चुके थे. जिसके वजह से उनके सरकारी आवास को खाली नहीं करने की बात कही जा रही है।




# अशोका बिरयानी में गटर साफ करने उतरे दो कर्मचारियों की मौत, मर्ग कायम कर जांच में जुटी पुलिस

**रायपुर।** राजधानी रायपुर स्थित अशोका बिरयानी सेंटर में गटर साफ करने उतरे दो कर्मचारियों की मौत हो गई। इसकी सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई है. मामला तेलीबांधा थाना क्षेत्र के अशोका बिरयानी सेंटर का है। बताया जा रहा है कि मृतक का नाम 19 वर्षीय डेविड साहू पिता यशवंत राम, खामहरिया जिला धमतरी निवासी है. दूसरा मृतक युवक नाम 30 वर्षीय नीलकुमार पटेल पिता जगदीश पटेल, खुटादरहा जांजगीर का रहने वाला था। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, लाभंडी स्थित अशोका बिरयानी के गटर टैंक की सफाई के लिए बिरयानी सेंटर के दो कर्मचारियों को गटर में उतारा गया था, जो अज्ञात कारणों से गटर में फंस गए. फिर किसी तरह प्रयास करके दोनों को निकाला गया और वी केयर हॉस्पिटल भेजा गया. यहां डॉक्टरों ने जांच के बाद दोनों को मृत घोषित कर दिया। वहीं इस मामले को लेकर एडिशनल एसपी सिटी लखन पटले ने बताया कि अशोका बिरयानी होटल के 2 कर्मचारियों की गटर साफ करने के दौरान मौत हुई है. इस मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है और आगे जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।


### युवक से मारपीट

**रायपुर।** संजयनगर स्थित गरीब नवाब चौक के पास पुरानी रंजिश को लेकर तीन युवकों ने एक युवक से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थिया की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थिया शेख सबनूर 20 वर्ष गरीब नवाब चौक के पास संजयनगर की रहने वाली है। प्रार्थिया ने थाना में शिकायत किया कि आरोपी नोमान ईरफान व शाहरूख ने पुरानी रंजिश को लेकर प्रार्थिया के पति शेख साहिल से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थिया की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 294, 506, 34 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

# पूर्व आईपीएस मुकेश गुप्ता को हाईकोर्ट से राहत

## लोक आयोग की कार्रवाई पर रोक लगाते हुए प्रकरण किया निरस्त

**बिलासपुर।** पूर्व आईपीएस मुकेश गुप्ता के मामले में हाईकोर्ट ने लोक आयोग द्वारा की जा रही कार्रवाई पर रोक लगाकर दर्ज प्रकरण निरस्त करने का आदेश दिया है. कोर्ट ने याचिकाकर्ता माणिक मेहता को नए सिरे से विधिवत याचिका दायर करने की छूट भी दी है।




रायपुर निवासी माणिक मेहता ने मुकेश गुप्ता के खिलाफ साल 2020 में शिकायत दर्ज कराई थी कि उन्होंने मिक्की मेहता मेमोरियल ट्रस्ट के नाम पर राज्य शासन से तीन करोड़ रुपए का अनुदान लिया था. इस अनुदान राशि के जरिए गरीबों के लिए मोतियाबिंद का ऑपरेशन निःशुल्क कराया जाना था, लेकिन मुकेश गुप्ता ने इस रकम का इस्तेमाल अपने पर्सनल लोन पटाने में किया. साथ ही लोक आयोग, एसीबी और ईओडब्ल्यू में मुकेश गुप्ता के खिलाफ एक शिकायत दर्ज कराई थी. इसकी प्रति तत्कालीन मुख्यमंत्री को भी दी गई थी। शिकायती पत्र के आधार पर लोक आयोग ने गुप्ता के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति और अपने पद के दुरुपयोग का मामला दर्ज कर लिया था. शिकायत में कहा गया था कि मुकेश गुप्ता ने गरीब तबके को चिकित्सीय सुविधा दिलाने के नाम पर अपने पद और प्रभाव का दुरूपयोग किया और छत्तीसगढ़ सरकार से तीन करोड़ रुपए का अनुदान हासिल किया. लेकिन अनुदान राशि से चिकित्सीय सुविधा के बजाय बैंक का कर्ज अदा करके वित्तीय अनियमितता की गई. साथ ही चेरिटेबल ट्रस्ट का संचालन निजी लाभ के लिए किया जाता रहा। मानिक मेहता की शिकायत के बाद ईओडब्ल्यू ने भी अपने प्रारंभिक जांच में सामने आए तथ्यों के आधार पर निलंबित आईपीएस अधिकारी मुकेश गुप्ता, एमजीएम के मुख्य ट्रस्टी जयदेव गुप्ता और डायरेक्टर डॉ. दीपशिखा अग्रवाल के विरूद्ध भादवि की धारा 420, 406, 120 (बी) तथा भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 की धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज किया था।

# बाड़ी में दफन मिली नवविवाहिता की लाश, पति भी तीन दिनों से गायब

**बेमेतरा।** छत्तीसगढ़ के बेमेतरा जिले से सनसनीखेज मामला सामने आया है. साजा विधानसभा के ग्राम पंचायत लुक में एक नवविवाहिता महिला की बाड़ी में लाश मिली है. महिला की लाश मिलने से इलाके में हड़कंप मच गई है. वहीं घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मर्ग कायम कर जांच में जुट गई है. बताया जा रहा रहे कि नवविवाहिता की लाश बाड़ी में एक फिट गड्ढे में गड़ी हुई मिली है. यह मामला परपोड़ी थाना क्षेत्र है। जनकारी के अनुसार, गुरुवार को परपोड़ी थाना के ग्राम लुक में ससुराल के ब्यारे में एक फिट गड्ढे में दबी महिला की लाश मिली. मृतिका की पहचान रश्मि वर्मा पति ओमप्रकाश वर्मा उम्र 27 वर्ष के रूप में हुई है. विगत दो माह पूर्व ही मृतका रश्मि वर्मा की ओमप्रकाश से विवाह हुई थी. मायके पक्ष वालों ने हत्या की आशंका जताते हुए मृतका के पति और परिवार पर हत्या का आरोप लगाया है. वहीं घटना के बाद से मृतका का पति ओमप्रकाश घर से फरार है. विगत तीन दिन पूर्व ही परिजनों ने दोनों पति-पत्नी की परपोड़ी थाना में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करवाई थी. घटना की सूचना पर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और पंचनामा कार्रवाई कर जांच में जुट गई है. पुलिस ने महिला के शव को कब्जे में लेकर शव को जांच के लिए रायपुर लैब भेजा है. जांच के बाद ही हत्या का खुलासा हो पाएगा।



अपना खुद का न्यूज पोर्टल बनवाएं
पूर्ण Registration के साथ
+91 9303890212



स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक जितेन्द्र जायसवाल द्वारा जायसवाल प्रिंटिंग प्रेस राघवपुरी, डीगमा, अम्बिकापुर, छत्तीसगढ़ से प्रकाशित एवं मुद्रित। संपादक जितेन्द्र जायसवाल। मो.नं.-09424262547